भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय

शांति मार्ग श्यामला हिल्स भोपाल
Website: www.bsgmp.net mail: scoutguide_bpl@dataone phone 2661263,fax:2737446

क्रमाक/14228/रा.मु/पंजीयन/999/2014 भोपाल दिनांक 15/12/14

प्रति

समस्त,
जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त आ.वि
पदेन– जिला कमिश्नर स्काउट/गाइड
जिला .... म.प्र

विषय– वर्ष 2012–2013 हेतु पंजीयन शील्ड पुरस्कार के संबंध में ।

-----000-----

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय प्रतिवर्ष दल पंजीयन हेतु कब,स्काउट,रोवर,बुलबुल,गाइड एवं रेन्जर दलों को सर्वाधिक गणना के लिये जिलो की पंजीयन शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कराता रहा है । इस वर्ष भी सर्वाधिक गणना वाले जिलों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जावेगे ।

पात्रताः–

01– दल पंजीयन की राशि 20 दिसम्बर 2014 तक जिन जिलों से राज्य मुख्यालय को प्राप्त हो जावेगी केवल उन्हें जिले इस प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जावेगा ।

02– प्रेषित दल पंजीयन की राशि का विवरण पत्रक में निर्धारित समय–सीमा 20 दिसम्बर 2014 तक अनिवार्यतः राज्य मुख्यालय को प्राप्त हो जाना चाहिये ।

अतः बिन्दु एक एवं दो के अनुसार पूर्ति करने वाले जिलों को पंजीयन शील्ड प्रतियोगिता के चयन में सम्मिलित होने की पात्रता होगी । इसके बाद प्राप्त होने वाली राशि या राशि विवरण वाले जिलों को चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नही किया जा सकेगा । इसलिए विभागवार दल संख्या और दलों में छात्र/छात्राओं की संख्या के साथ गौसवारा विवरण इस कार्यालय को समय सीमा में भेजना अनिवार्य, इसके पश्चात राशि एवं राशि का विवरण गौसवारा स्वीकार नही होगा और न राज्य मुख्यालय उत्तरदायी होगा कृपया समय–सीमा का ध्यान रखकर सहयोग प्रदान करे ।

मापदण्डः– जो जिले गणना के क्षेत्र में नियमित हो अर्थात विगत तीन वर्षो से सतत दल पंजीयन/नवीनीकरण की राशि भेजी हो उन्हे ही प्रतियोगिता में सम्मिलित किया जा सकेगा ।

सर्वाधिक गणना हेतुः–

02– सर्वाधिक गणना कब/बुलबुल/स्काउट/गाइड/रोवर/रेन्जर के लिये जिले को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा ।

विभागवार गणना हेतुः–

03– जिले को कब,स्काउट,रोवर,बुलबुल,गाइड एव रेन्जर दल के लिये पृथक–पृथक सर्वाधिक गणना के लिये ही शाखावार शील्ड व प्रमाण–पत्र प्रदान किया जावेगा। साथ ही द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले जिले को भी शील्ड एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किया जावेगा ।

शतप्रतिशत गणना हेतुः'–

04– ऐसे जिले जिन्होने 90 से 100 प्रतिशत गणना का लक्ष्य प्राप्त कर लिया हो,उन्हे हो शील्ड एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किया जायेगा ।

प्रोत्साहन हेतुः–

05– ऐसे जिले जिन्होने 75 से 90 प्रतिशत गणना का लक्ष्य प्राप्त कर लिया हो उन्हे भी शील्ड एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किया जावेगा ।

राज्य सचिव 12/12
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.

पृ.क्रमाक / 14229 / रा.मु / पंजीयन / 999 / 2014 भोपाल दिनांक / 15/12/14

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

01– समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्का./गा. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजकर लेख है कि जिन जिलों की दल पंजीयन राशि आपके कार्यालय में जमा है उस राशि को दिनांक 20/12/2014 तक राज्य मुख्यालय को मय गौसावारा विवरण भिजवा देवे। ताकि दल पंजीयन की राशि से वेतन या किसी अन्य प्रयोजन हेतु अग्रिम राशि ऋण दिया हो तो उसका समायोजन राज्य मुख्यालय करावे। जिससे संबंधित जिले की दल पंजीयन राशि उसके खाते में जमा होकर उस जिले को चयन हेतु सम्मिलित किया जा सके । कृपया समय सीमा का ध्यान रखते हुये कार्यवाही पूर्ण कर जिलेवार राशि विवरण गौसावारा पत्रक में भिजवाने का कष्ट करे । **इसके पश्चात अगर कोई जिला पंजीयन शील्ड प्रतियोगिता से वंचित रख जाता है तो आप स्वंय जिम्मेदार होगे ।**

राज्य सचिव 12/12

भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र